**Terms and conditions:** 1) The prescribed Tender/ Bid Form and the terms and conditions of sale will be available with the Branch/Corporate Office: **Branch Office:** Hans Enclave, Nh-8 Near - Jain Mandir, Rajiv Chowk, Guriugram, Haryana-122001, First Floor, Opp Gurudwara, Near Punjab National Bank, Chaiti Farm, Bazpur Road, Kashipur, Uttarakhand- 244713, **between 10.00 a.m. to 5.00 p.m.** on any working day. 2) The immovable property shall not be sold below the Reserve Price. 3) **All the bids/ tenders submitted for the purchase of the above property/s shall be accompanied by Earnest Money as mentioned above. EMD amount favouring "India Shelter Finance Corporation Limited". The EMD amount will be return to the unsuccessful bidders after auction.** 4) The highest bidder shall be declared as successful bidder provided always that he/she is legally qualified to bid and provided further that the bid amount is not less than the reserve price. It shall be the discretion of the Authorised Officer to decline/ acceptance of the highest bid when the price offered appears inadequate as to make it inadvisable to do so. 5) The prospective bidders can inspect the property on **22-07-2026 between 11.00 A.M and 5.00 P.M** with prior appointment. 6) **The person declared as a successful bidder shall, immediately after the declaration, deposit 25% of the amount of purchase money/ highest bid which would include EMD amount to the Authorised Officer within 24 Hrs. and in default of such deposit, the property shall forthwith be put to fresh auction/ sale by private treaty. 7) In case the initial deposit is made as above, the balance amount of the purchaser money payable shall be paid by the purchaser to the Authorised Officer on or before the 15th day from the date of confirmation of the sale of the property, exclusive of such day or if the 15th day be a Sunday or other holiday, then on the first office day after the 15th day.** 8) In the event of default of any payment within the period mentioned above, the property shall be put to fresh auction/ sale by private treaty. The deposit including EMD shall stand forfeited by India Shelter Finance Corporation Ltd. and the defaulting purchaser shall lose all claims to the property. 9) The above sale shall be subject to the final approval of ISFC, interested parties are requested to verify/confirm the statutory and other dues like Sales/Property tax, Electricity dues, and society dues, from the respective departments / offices. The Company does not undertake any responsibility of payment of any dues on the property. 10) TDS of 1%, if any, shall be payable by the highest bidder over the highest declared bid amount. The payment needs to be deposited by the highest bidder in the PAN of the company and the copy of the challan shall be submitted to the company. 11) Sale is strictly subject to the terms and conditions incorporated in this advertisement and into the prescribed tender form. 12) The successful bidder/purchaser shall bear all stamp duty, registration fees, and incidental expenses for getting sale certificate registered as applicable as per law. 13) The Authorised Officer has the absolute right to accept or reject the bid or adjourn / postpone / cancel the tender without assigning any reason thereof and also to modify any terms and conditions of this sale without any prior notice. 14) **Interested bidders may contact Mr. Sudhir Tomar at Mob. No. + 91 98184 60101**

**30 DAYS SALE NOTICE TO THE BORROWER/GUARANTOR/MORTGAGOR**

The above mentioned Borrowers/Mortgagors/guarantors are hereby noticed to pay the sum as mentioned in Demand Notice under section 13(2) with as on date interest and expenses before the date of Auction failing which the property shall be auctioned and balance dues, if any, will be recovered with interest and cost from you.

**Date: 22.06.2026** — **For India Shelter Finance Corporation Ltd Authorised officer.**
**Place: DELHI / NCR** — **Mr. Sudhir Tomar at Mob. No. + 91 98184 60101**

## FORM NO INC-26
**[Pursuant to rule 30 the Companies (Incorporation) Rules, 2014]**
**Advertisement to be published in the newspaper for Change of registered office of the company from one state to another**
**BEFORE REGIONAL DIRECTOR DELHI, NORTHERN REGION DIRECTORATE I**
**In the matter of the Companies Act, 2013, Section 13(4) of Companies Act, 2013 and Rule 30(5) (a) of the Companies (Incorporation) Rules, 2014**
**AND**
**In the matter of 'SAHIBA RUHANI ESTATES PRIVATE LIMITED' having its registered office at H-2, Basement, Suneja Chamber Alaknanda Shopping Complex, South Delhi, New Delhi-110019 ...... Petitioner**

Notice is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government (Power Delegated to Regional Director) under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra ordinary general meeting held on **Tuesday, 16th Day of June, 2026 at 10:00 AM** to enable the company to change its Registered office from **"NCT of Delhi," to "State of Haryana".**

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/ her interest and grounds of opposition to the if any, in original to the **Regional Director Delhi, Northern Region Directorate I, B-2 wing, 2nd Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, New Delhi-110003** within Fourteen days from the date of publication of this notice with a copy of the applicant company at its **registered office at H-2, Basement, Suneja Chamber Alaknanda Shopping Complex, South Delhi, New Delhi-110019.**

**On behalf of the Board**
**For SAHIBA RUHANI ESTATES PRIVATE LIMITED**
**DEVINDER JEET SINGH SANDHU**
**Director**
**DIN: 00002039**
**Date: 22.06.2026**
**Place: New Delhi**

## REGANTO ENTERPRISES LIMITED
**(formerly known as Vintron Informatics Limited)**
**CIN: L43299DL1991PLC045276**
**Regd. Office : 1117, 11th Floor, Hemkunt Chamber, 89, Nehru Place, New Delhi, Delhi-110019**
**Tel: 011-44126457, Email: cs@regantoenterprises.com, Web: www.regantoenterprises.com**

**35th Annual General Meeting to be held through Video Conferencing / Other Audio Visual Means**

Notice is hereby given that 35th Annual General Meeting ("AGM") of the Members of **REGANTO ENTERPRISES LIMITED (formerly known as Vintron Informatics Limited)** ("the Company") will be held on **Wednesday, July 15, 2026 at 01:00 P.M. (IST).**

1. **The said AGM will be convened through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM")** to transact the businesses as set forth in the Notice of the AGM in compliance with Companies Act, 2013 ("the Act") and circular dated May 5, 2020, April 13, 2020 and April 08, 2020, May 05, 2022 and December 28, 2022 issued by Ministry of Corporate Affairs (MCA Circulars) and the circular dated May 12, 2020, May 13, 2022 and January 05, 2023 issued by Securities and Exchange Board of India.
2. In compliance with the above circulars, the Notice of AGM along with Annual Report 2025-26 is being sent only through electronic mode to those members whose e-mail addresses are registered with the Company/Depositories.
3. Members may note that the Notice of AGM and Annual Report 2025-26 are available on the Company's website at www.regantoenterprises.com, website of Stock Exchange i.e BSE Limited i.e. www.bseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com. No Physical copies will be dispatched to the Members.
4. If the member has not registered their E-mail address with the Depository Participant(s) (DP)/ Company, the members, in case of holding shares in demat mode, please contact their respective DP and those who are holding shares in physical mode are required to contact to RTA of the Company on e-mail id i.e. admin@skylinerta.com and get the same registered.
5. The manner, to cast the vote through remote e-voting or through e-voting during the VC/OAVM meeting by the shareholders holding shares in physical mode or not having registered their email id, is available in the Notice of AGM as defined under **"THE INSTRUCTIONS FOR MEMBERS FOR REMOTE E-VOTING AND JOINING GENERAL MEETING".** The shareholders may following the procedure as mentioned therein can vote and join meeting through VC/OAVM.
6. Any person who acquires shares of the company and becomes the member of the company after dispatch of AGM Notice and is holding shares as on the cut-off date i.e. **Wednesday, July 08, 2026** may obtain the Notice of AGM along with Annual Report for the Financial year 2025-26 and login details for joining AGM through VC/OAVM facility including e-voting details (User ID and Password), by sending their request to evoting@nsdl.com or call on number **022 - 4886 7000** Members may also write to the Company Secretary at the Company's e-mail address cs@regantoenterprises.com.

In terms of MCA Circulars, the businesses as stated in the Notice of AGM will be transacted through voting by electronic means only. The remote e-voting shall commence on **Sunday, July 12, 2026** from 9:00 AM and shall end on **Tuesday, July 14, 2026 at 5:00 PM** (for three days only) for casting votes on all the business items as set out in the Notice of the AGM. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Any person whose name is recorded in the register of members or in the register of the Beneficiary owners maintained by depositories as on the cut-off date i.e. **Wednesday, July 08, 2026** only, shall be entitled to cast their vote. The facility for e-voting shall also be made available at the time of AGM. The members who have cast their vote by remote e-voting may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. Members attending the Meeting through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Act.

The detailed procedure for remote e-voting, e-voting at the AGM and joining of AGM electronically is available in the Notice of AGM.

**By the order of board of directors**
**For Reganto Enterprises Limited**
**(formerly known as Vintron Informatics Limited)**
**S/d**
**Chetan Sharma**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Date: 20/06/2026**
**Place: Delhi**

## NOTICE
**M/s OM KRISHNA DEVELOPERS PRIVATE LIMITED -**
undergoing Corporate Insolvency Resolution Process under the provision of Insolvency and Bankruptcy Code, 2016
CIN No. - **U45200DL2006PTC155377**
**Reg .Office:** H-10/103, 1ST FLOOR, EXPRESS ARCADE NETAJI SUBHASH PLACE, PITAMPURA, NEW DELHI, Delhi, India – 110034

Takeover of control and custody of Assets of M/s **OM KRISHNA DEVELOPERS PRIVATE LIMITED** by Resolution Professional

This is to bring to your notice that vide order dated 22.04.2026, the undersigned has been appointed as Interim Resolution Professional of the abovenamed Corporate Debtor and further continued as Resolution Professional after the approval of CoC. Pursuant to the aforesaid Order, all the powers of the Board of Directors and other partners of the Corporate Debtor, are suspended and are now vested with the Resolution Professional. Also all the officers and managers of the corporate debtor shall report to the resolution professional and provide access to such documents and records of the corporate debtor as may be required by the resolution professional;

I. Pursuant to the terms of section 18, 20, 23 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (hereinafter referred to as the "Code"), the resolution professional is vested with the responsibility to take custody and control of assets, property, effects and actionable claims of the Corporate Debtor. Further pursuant to sec 18(1)(f) of IBC, the resolution professional shall take control and custody of any asset over which the corporate debtor has ownership rights as recorded in the balance sheet of the corporate debtor, or with information utility or the depository of securities or any other registry that records the ownership of assets which shall comprise the following:-
(i) assets over which the corporate debtor has ownership rights which may be located in a foreign country;
(ii) assets that may or may not be in possession of the corporate debtor;
(iii) tangible assets, whether movable or immovable;
(iv) intangible assets including intellectual property;
(v) securities including shares held in any subsidiary of the corporate debtor, financial instruments, insurance policies;
(vi) assets subject to the determination of ownership by a court or authority;

II. The Resolution Professional also to collect all information relating to the assets, finances and operations of the corporate debtor for determining the financial position of the corporate debtor, including information relating to -
i. business operations for the previous two years;
ii. financial and operational payments for the previous two years;
iii. list of assets and liabilities as on the initiation date; and
iv. such other matters as may be specified;

Any person in possession of any assets (as mentioned above), or having any information along with supporting documents relating to the business operations of the Company, material litigations, or other relevant records, is hereby requested to hand over such assets and furnish such information along with supporting documents to the Resolution Professional on or before 02.07.2026.

Any person who is hereafter found to be in unauthorized or illegal possession of any asset of the Corporate Debtor, or who fails to cooperate with the Resolution Professional, shall be liable for prosecution and penalties under the relevant provisions of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016.

It is further notified that, pursuant to the order dated 22.04.2026, a moratorium has been declared under Section 14 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016, with effect from the said date.

**Sd/-**
**Vijender Sharma**
**Resolution Professional–**
**M/s. OM KRISHNA DEVELOPERS PRIVATE LIMITED**
**IP Registration No. - IBBI/IPA-003/IP-N00003/2016-2017/10022**
**Address- VRSA Insolvency Professionals LLP**
**11 (3rd floor) Hargovind Enclave, Vikas Marg, Delhi-110092**
**E-Mail-Id: vijender@vsa.net.in, Process mail id:- okd.cirp@gmail.com**
**AFA Valid upto 31.12.2026**
**Date: 22.06.2026.**
**Place: Delhi**

# योग मानवता के लिए भारत की जिम्मेदारी है : बिरला

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में सांसदों के साथ योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने कहा कि यह दिवस भारत की उस शाश्वत सभ्यतागत विरासत का उत्सव है, जिसने मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति का मार्ग प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि ठयोग केवल शरीर को नहीं, विचारों को भी संतुलित करता है। संसद में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन योग हमें संवाद और संयम का मार्ग दिखाता है। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत के ऋषियों-मनीषियों ने सदियों तक योग परंपरा के संरक्षण के लिए प्रयास किए और इसे जीवन जीने की पद्धति के रूप में स्थापित किया। इसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और मानव चेतना का जागरण था। उन्होंने कहा कि आज योग एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है और दुनिया इसे अपना रही है, पर यह भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान-परंपरा का उपहार है। समकालीन जीवन में योग की प्रासंगिकता पर बल देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक जीवन तनाव, असंतुलन और अनिश्चितताओं से घिरा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में सांसदों के साथ योगाभ्यास करते हुए।

ऐसे समय में योग मानसिक शांति, धैर्य, भावनात्मक संतुलन और अनुशासित जीवनशैली बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक मानसिक तनाव है; योग इसका सुलभ, वैज्ञानिक और समावेशी समाधान प्रस्तुत करता है। आज की डिजिटल पीढ़ी को स्क्रीन टाइम और स्ट्रेस के बीच संतुलन बनाने के लिए योग को जीवनशैली बनाना होगा। श्री बिरला ने कहा कि योग केवल फिटनेस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और चेतना के विकास का माध्यम है। दैनिक जीवन में योग अपनाने से व्यक्ति अधिक संतुलित और बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होता है तथा उसके समग्र स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि ठस्वस्थ नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी हैंठ और यदि देश के 140 करोड़ नागरिक प्रतिदिन कुछ मिनट योग के लिए निकालें, तो यह भारत की सबसे बड़ी जन-स्वास्थ्य क्रांति बन सकती है। लोक सभा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि योग का संदेश देश के प्रत्येक कोने तक पहुँचना चाहिए। जनप्रतिनिधि समाज के साथ संवाद में रहते हैं और वे लोगों को योग अपनाने तथा इसकी परिवर्तनकारी शक्ति को समझने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जिस प्रकार हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं, उसी प्रकार योग को भी जन-जन के जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि योग भारत की सॉफ्ट पावर नहीं, मानवता के लिए भारत की जिम्मेदारी है।

# आधुनिकता व परंपरा के समन्वय से संतुलित विकास संभवः मुर्मू

जबलपुर, (भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को युवाओं से अपनी पहचान और परंपरा की पवित्रता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि आधुनिकता व परंपरा के समन्वय से ही देश का संतुलित विकास संभव है।

राष्ट्रपति मुर्मू, यहां रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती त्याग, परिश्रम और बलिदान की प्रतिमूर्ति थीं तथा नारी शक्ति के लिए प्रेरणा का प्रतीक हैं। रानी दुर्गावती के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है। राष्ट्रपति ने कहा, विकास की दौड़ में जो लोग पीछे छूट गए हैं, उन्हें आगे लाना और मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। हम सभी को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर मिले। उन्होंने कहा, विद्यालयों को अपनी पहचान और परंपरा को नहीं भूलना चाहिए। इसकी पवित्रता बनाए रखना जरूरी है। आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से ही देश का संतुलित विकास संभव है। मुर्मू ने जनजातीय समाज के लोगों में कौशल और ज्ञान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति भाव भी विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से यही अपेक्षा की जाती है। मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने इसे देश के सर्वांगीण विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है, जहां उनकी आबादी लगभग 65 प्रतिशत है। राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं में कुछ भी कर गुजरने का अदम्य साहस है और देश व देशवासियों को उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा, ये अपेक्षाएं तभी पूरी होंगी, जब आपको आपकी योग्यता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें प्रयास कर रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है और इसके साथ हमारी वेशभूषा, रहन-सहन तथा जीवनशैली में भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है। मुर्मू ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे कुछ मूल्य हैं, जो हमें सदैव शक्ति प्रदान करते हैं। मेरा मानना है कि आप जैसे युवाओं को भारतीय संस्कृति के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए।

## मुर्मू ने जबलपुर में योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया

जबलपुर, (भाषा)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को मध्यप्रदेश की संस्कारधानी कहे जाने वाले जबलपुर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव और हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। जबलपुर के गैरीसन मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा निरोग, स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। राज्य के अन्य शहरों में भी 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समारोह आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सफेद परिधान में राष्ट्रपति मुर्मू ने योगासन और प्राणायाम किए। उनके साथ मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री यादव और राज्यपाल पटेल ने भी योगाभ्यास किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा, आज हम भारत की उस महान परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता को स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग दिखाया है।

## आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाया गया

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्र सरकार ने आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 28 जून 2027 तक कर दिया है। इस पद पर यह उनका पांचवां सेवा-विस्तार है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति (एसीसी) ने आयुष मंत्रालय के सचिव कोटेचा के कार्यकाल को 28 जून 2026 के बाद एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 28 जून 2027 तक करने की मंजूरी दे दी है। जयपुर के चक्रपाणि आयुर्वेद क्लिनिक में मुख्य सलाहकार रह चुके कोटेचा इस सेवा में लेटरल एंट्री (बाहरी विशेषज्ञ के तौर पर) के जरिए आए थे। उन्हें पहली बार जून 2017 में आयुष मंत्रालय में विशेष सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें सचिव पद पर नियुक्त किया गया।

# योग को रोजमर्रा की दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाएं : नड्डा

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने रविवार को कहा कि योग शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और समग्र कल्याण को बढ़ावा देकर स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जीने का एक संपूर्ण मार्ग प्रदान करता है।

नड्डा ने देशभर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों के तहत यहां शांतिपथ पर नागरिकों, स्वास्थ्यकर्मियों, अधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न योग आसन किए। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सभ्यतागत विरासत का प्राचीन उपहार योग, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के कारण आज स्वास्थ्य और सेहत के लिए एक वैश्विक आंदोलन के रूप में उभरा है। नड्डा ने इस वर्ष की विषय वस्तु स्वस्थ आयु के लिए योग का उल्लेख करते हुए कहा कि योग शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और समग्र कल्याण को बढ़ावा देकर स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जीने का एक संपूर्ण मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव, निष्क्रिय जीवनशैली और इससे जुड़ी बीमारियों के दौर में योग शरीर एवं मन के भीतर संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक प्राकृतिक माध्यम है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शांति पथ पर योगा करते हुए। (छाया : एएनआई)

नड्डा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का एक रूप नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है, जो व्यक्ति और सार्वभौमिक चेतना के बीच गहरे संबंध को विकसित करती है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा, योग हमें मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने में सक्षम बनाता है। यह एक निरंतर और जीवनभर चलने वाला अभ्यास है, जो व्यक्ति को आत्म-सुधार, आंतरिक शांति तथा समग्र कल्याण की ओर मार्गदर्शन करता है।

## सीतारमण ने गुवाहाटी में योग दिवस समारोह में भाग लिया

गुवाहाटी, (भाषा)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के मुख्यमंत्री के साथ गुवाहाटी में आयोजित योग दिवस समारोह में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री पिछले चार दिनों से विभिन्न आधिकारिक कार्यक्रमों के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर हैं। ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट पर आयोजित योग सत्र में सीतारमण और मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य अजंता नेओग और अशोक सिंघल सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग भी उपस्थित थे। केंद्रीय वित्त मंत्री के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, निर्मला सीतारमण ने असम के गुवाहाटी स्थित ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समारोह में भाग लिया। उसने कहा, "इस वर्ष की थीम बढ़ती उम्र में योग से रहें नियोग है, जो सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए योग के महत्व पर जोर देती है। यह न केवल जीवनकाल को बढ़ाने, बल्कि हेल्थस्पैन को बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है।

# जयराम ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण कार्यक्रम की शुरुआत से जुड़े घटनाक्रम को याद किया

दिल्ली, (भाषा)। पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने रविवार को याद किया कि लगभग 50 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक अखबार के पहले पन्ने पर ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की तस्वीर देखी थी, जो लगभग विलुप्त होने की कगार पर था, इसके बाद एक क्रमिक घटनाक्रम ने इस पक्षी के संरक्षण कार्यक्रम की शुरुआत को प्रेरित किया। रमेश ने याद किया कि आज से 50 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हल्दीघाटी युद्ध के 400 वर्ष पूरा होने के अवसर पर वहां गई थीं। गांधी ने वहां एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया था। रमेश ने एक्स पर कहा, उदयपुर जाने वाली सुबह की उड़ान में उन्होंने संयोग से हिंदुस्तान टाइम्स का उस दिन का संस्करण देखा। पहले पन्ने पर ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की तस्वीर छपी थी जो लगभग विलुप्त होने की कगार पर था। उन्होंने अखबार के चौथे पन्ने पर छपी एक खबर भी पढ़ी। उन्होंने यह बात साझा करते हुए 50 साल पुराने अखबार के पहले पन्ने की तस्वीर भी पोस्ट की। जयराम रमेश ने कहा, उदयपुर पहुंचने पर उन्होंने पक्षी प्रेमियों के एक समूह से मुलाकात की, जिसका नेतृत्व हर्ष वर्धन कर रहे थे और वह उस समय राजस्थान वन्यजीव बोर्ड के सदस्य थे। कांग्रेस नेता ने याद किया कि इस घटनाक्रम की श्रृंखला ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की, साथ ही जैसलमेर और बाड़मेर के पास डेजर्ट नेशनल पार्क की स्थापना के लिए भी कदम उठाए गए।



## केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना के मंत्रियों ने योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया

हैदराबाद, (भाषा)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री सी. दामोदर राजनरसिम्हा तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने रविवार को राज्य भर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोहों में भाग लिया। करीमनगर में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए बंडी संजय कुमार ने कहा कि भारत ने योग की भूमि के रूप में वैश्विक पहचान हासिल की है। उनके कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर के लोग बढ़ते तनाव, चिंता और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का सामना कर रहे हैं और योग का नियमित अभ्यास इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान करता है। इस बीच, तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

# जनता के आक्रोश से डरकर कुछ बागी सांसद शिवसेना (उबाठा) के संपर्क में हैं : राउत

मुंबई, (भाषा)। शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि कुछ बागी सांसद पार्टी के संपर्क में हैं, क्योंकि वे अपने चुनाव क्षेत्रों में जनता के आक्रोश से डरे हुए हैं। राउत ने कहा कि ऐसे सांसदों में से कम से कम दो के साथ अभी बातचीत चल रही है।

पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा सदस्य ने कहा कि अगर सांसदों को लगता है कि उनसे गलती हुई है, तो उनसे बातचीत की जा सकती है। राउत ने दावा किया कि दो सांसदों के साथ अभी बातचीत चल रही है। राउत ने कहा, कुछ सांसद अब भी संपर्क में हैं। वे अपने चुनाव क्षेत्र में लोगों के आक्रोश के कारण डरे हुए हैं। राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा है कि अब कोई गुट नहीं बचा है, और केवल एक ही शिवसेना है, जिसके प्रमुख एकनाथ शिंदे हैं। उन्होंने शाह पर शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे और महाराष्ट्र का अपमान करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि केवल एक ही शिवसेना है, जिसके प्रमुख अभी उद्धव ठाकरे हैं। राउत ने कहा, आप जितना अधिक शिवसेना (उबाठा) का अपमान करेंगे, राज्य के लोग आपके उतने ही खिलाफ खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से सभी बागी सांसद अब भी शिवसेना (उबाठा) के साथ हैं और इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कोई आदेश नहीं आया है, यहां तक कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है कि वे पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

राउत ने कहा कि छह सांसदों ने यह नहीं कहा है कि उन्होंने शिवसेना (उबाठा) छोड़ दी है, लेकिन वे पार्टी की बैठक में शामिल नहीं हुए, जिससे व्हिप का उल्लंघन हुआ। दिल्ली में 17 जून को हुई शिवसेना (उबाठा) के संसदीय दल की बैठक में जो सांसद नहीं पहुंचे उनमें संजय दीना पाटिल, संजय देशमुख, संजय जाधव, भाऊसाहेब वाकचौरे, नागेश पाटिल-आष्टीकर और ओमप्रकाश राजे निंबालकर शामिल हैं। इससे यह अटकलें तेज हो गई कि वे एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने जा रहे हैं। शिवसेना (उबाठा) के नौ लोकसभा सदस्य हैं और बागी गुट को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होने से बचने के लिए कम से कम छह सांसदों (यानी कुल संख्या का दो-तिहाई) की जरूरत है। इस बीच, महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने टिप्पणी की कि अब इंतजार करने और यह देखने का समय है कि प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की टीम कब राउत के पास पहुंचती है।

मंत्री की यह टिप्पणी राउत के हालिया बयान के जवाब में थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उनके नियंत्रण में हो, तो महाजन दल बदलने वाले पहले भाजपा नेता होंगे। पलटवार करते हुए राउत ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का इंतजार करने में कोई खराबी नहीं है। राउत ने आरोप लगाया, केंद्रीय एजेंसियों को मेरे घर इसलिए भेजा गया है, क्योंकि वे आपके घरेलू नौकर हैं। उन्होंने कहा, जब ईडी और सीबीआई आपके घर पहुंचेगी, तो आप या तो किसी बिल में छिप जाएंगे या आत्महत्या कर लेंगे या फिर पार्टी बदल लेंगे।







## उप्र: मऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

मऊ, (भाषा)। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले घोसी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक वृद्धा की मौत के बाद भीड़ ने हंगामा किया। पुलिस के अनुसार, शनिवार देर रात दोहरीघाट क्षेत्र में पुराने सरयू पुल पर तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार बिहार के दो युवकों को कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान बिहार के बक्सर निवासी मुकेश कुमार मिश्रा और अभिषेक सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी।

# जम्मू में योग दिवस मनाया गया, जितेंद्र सिंह ने योग को भारत के विजन 2047 से जोड़ा

जम्मू, (भाषा)। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग के महत्व और भारत के विजन 2047 को साकार करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

सिंह ने जम्मू प्रशासन द्वारा गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमेन , गांधी नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग विशेष महत्व रखता है, क्योंकि भारत में जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ रही है और देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अपनाए जाने के बाद से योग एक वैश्विक आंदोलन के रूप में उभरा है।

उन्होंने कहा, पिछले 12 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रधानमंत्री मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल के साथ मेल खाता है और यह वैश्विक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते योगदान को दर्शाता है। योग दिवस के विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बढ़ रही है, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वे स्वस्थ रहें, सक्रिय रहें और समाज में सार्थक योगदान देने में सक्षम रहें। उन्होंने कहा, हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। योग लोगों को उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने में मदद कर सकता है, जिससे वे समाज की सेवा जारी रख सकें और राष्ट्र-निर्माण में योगदान दे सकें। इस आयोजन के तहत आयोजित सामूहिक योग सत्र में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें छात्र, सरकारी अधिकारी, सुरक्षा कर्मी और नागरिक समाज के सदस्य शामिल हैं। पूरे जम्मू क्षेत्र में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभों के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। सीमा पर तैनात सेना और सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी विशेष योग सत्रों का आयोजन किया, जबकि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू कश्मीर पुलिस ने जम्मू और अन्य जिलों में विशेष कार्यक्रमों के साथ योग दिवस मनाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को रियासी जिले में उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक पर स्थित भारत के एकमात्र केबल पुल अंजी ब्रिज पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए देखा गया। इसके अलावा, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू ने भी अपने परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्वस्थ वृद्धावस्था, आंतरिक संतुलन और जीवनभर कल्याण को बढ़ावा देना है।